हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज गयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान “द ऑर्डर ऑफ एक्सिलेंस” से सम्मानित किया गया।
श्री मोदी ने कहा :

श्री मोदी को सम्मान उनके दूरदृष्टि वाला नेतृत्व, विकासशील देशों के अधिकारों की वैश्विक मंचों पर पैरवी करने, वैश्विक समुदाय के लिए असाधरण सेवा तथा भारत गयाना संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया है। गयाना के राष्ट्रपति डॉक्टर इरफान अली ने गयाना स्टेट हाउस में श्री मोदी को यह सम्मान प्रदान किया।

****

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओ.टी.टी प्लेटफॉर्म वेव्स शुरू किया है। गोवा में कल 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-इफ्फी के उद्घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ वेव्स का उद्देश्य आधुनिक डिजिटल रुझानों को अपनाते हुए पुरानी यादों को ताज़ा करना है। वेव्स में रामायण,महाभारत, शक्तिमान और हम लोग जैसे कालजयी शो शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक विरासत से जोड़ेगा। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि वेव्स अन्य ओ.टी.टी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है। यह अन्य सेवाओं के साथ-साथ स्वच्छ और पारिवारिक मनोरंजन भी प्रदान करता है। वेव्स प्लेटफार्म में समाचार,वृतचित्र और क्षेत्रीय कार्यक्रम शामिल हैं। यह कार्यक्रम समावेशिता और विविधता को बढावा देंगे। वेव्स में 12 से अधिक भाषाओं और दस से अधिक शैलियों में निर्मित कार्यक्रमों के साथ सभी श्रोताओं को सेवाएं प्रदान करेगा।

****

हरियाणा में कल पंचकूला में मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट ट्यूबरकुलोसिस के प्रबंधन के लिए नई व्यवस्था पर स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशाला कारवाई गई। कार्यशाला का उद्घाटन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने किया।

इस अवसर पर कुमारी आरती सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट तपेदिक के खिलाफ प्रदेश की लड़ाई को और मजबूत करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कह कि यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वास्थ्य सेवाएं नवीनतम उपचार प्रोटोकॉल की पालना करे और रोगी के उपचार और देखभाल में बेहतरीन तरीकों को अपनाया जाए। कार्यशाला में विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने सभी हितधारकों से तपेदिक के उन्मूलन में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की।

इस अवसर पर तपेदिक नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ हितेश ने आकाशवाणी संवाददाता को बताया -

कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, सुधीर राजपाल ने सभी हितधारकों से तपेदिक उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, समय पर निदान और रोगी-केंद्रित देखभाल पर बल दिया। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रहमदीप सिंह ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

****

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के निदेशक यश गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उद्योगों के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र की औसत मंजूरी के समय को घटाकर 12 दिन करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और धीरे - धीरे हरियाणा राज्य "व्यापार में आसानी " के मामले में एक आदर्श के रूप में

पहचान बना रहा है।श्री गर्ग "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" के तहत नियामक अनुपालनों को युक्तिसंगत बनाने और आपराधिक प्रावधानों को अपराध मुक्त करने पर आयोजित एक कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे।इस कार्यशाला में हरियाणा के 34 विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के महत्व और हरियाणा में उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल बनाने पर प्रकाश डाला। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के निदेशक गर्ग ने उद्योगों, विशेष रूप से भारी उद्योगों को बढ़ावा देने में राज्य की सक्रिय भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि ये उद्योग राज्य के लिए रोजगार और राजस्व पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करत रहे हैं । उन्होंने उद्योगों को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए अनुकूल व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सभी विभागों में सहयोगी प्रयासों के महत्व पर जोर दिया।श्री गर्ग ने आशा व्यक्त की कि हरियाणा औद्योगिक विकास और व्यापार करने में आसानी के लिए एक आदर्श के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए अन्य राज्यों के लिए मानदंड स्थापित करेगा।